## नई दुकान से पुरानी शराब बेचे जाने का लगा रहे मदिरा प्रेमी आरोप

# शराब ठेका बदल गया लेकिन लगा है पुराना बोर्ड

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तामिया

1 अप्रैल से नया ठेका होने के बाद अंग्रेजी और देसी शराब दुकानों में पुराने माल को ठिकाने लगाने का आरोप मदिरा प्रेमी लगा रहे है। पुराना ठेकेदार का सूचना बोर्ड इस कहानी को बयां कर रहा है।अप्रैल माह के 18 दिन बीत जाने के बाद भी नये ठेके का बोर्ड नही लगा है। राज्य मार्ग (स्टेट हाइवे) से 200 मीटर की दायरे में तामिया, देलाखारी, झिरपा की दुकाने संचालित है।

नए ठेके के बाद भी पुरानी शराब बिक रही वही अंग्रेजी शराब दुकान में दर सूची (रेट लिस्ट) नही लगी है। आबकारी नियमो के विरुद्ध ब्रांडेड शराब के परमिट नही जारी हुएपुराने ठेकेदार की शराब बिक रही है।आबकारी अधिनियम के अनुसार अनुबंध जिओ टेंगिंग के दुकान खुलने के समय निर्धारण नही हुआ हैं।

तामिया थाना अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्रों में अवैध धंधे पहली से ही फलते फूलते चले आ रहे हैं। जिसमें शराब ठेकेदार के द्वारा गांव-गांव देसी विदेशी शराब एजेंटों के माध्यम से किराना दुकानों के साथ-साथ अन्य स्थानों से अवैध शराब की बिक्री होती रही है। पुराने ठेकेदार ने अपने जितने भी कुचिया थे। उनके यहां ठेका नहीं मिलने के बाद भारी मात्रा में शराब की पेटीया डंप कर दी प्राप्त जानकारी के अनुसार शराब दुकान खोलने की कोई अनापत्ति प्रमाण पत्र नही लिया गया है। वर्तमान में उन्हें कोई परमिट शराब का मिला है। यदि मिला होता तो पिछले वर्ष की तारीख अंकित वाली शराब की बोतलों की बिक्री रही होरही हैं। ऐसा शराब के शौकीन खरीदारों का मानना है कि तामिया की नई शराब दुकान से पुरानी शराब की बिक्री अवैध रूप से की जा रही है।प्रिंट रेट से ज्यादा दर पर ठेकेदार शराब बेचने का आरोप लगाया है। उन्होंने यह भी बतलाया कि इस शराब दुकान पर ना तो कोई शराब की दर सूची टंगी है। जिसका टंगा जाना आवश्यक है। और इस तरह नए शराब ठेकेदार के कर्मचारी महंगी दर पर शराब बेचने का आरोप लग रहे है। वहीं आबकारी विभाग के अधिकारियों के मोबाइल नंबर भी दूकान के बैनर पर नहीं लिखे गए हैं। जिससे यदि किसी को शराब बिक्री संबंधित जानकारी अधिकारी चाहिए तो वह उपलब्ध नहीं है। ठेकेदार के कर्मचारी जानकारी नहीं होने का हवाला देकर टाला मटोली कर जाते हैं। इस तरह तामिया में अब नई शराब दुकान से पुरानी शराब की बिक्री महंगी दरो पर की जा रही है।

हालांकि अभी उनके ग्रामीण क्षेत्रों में अवैध रूप से शराब बेची जाने की कोई जानकारी नहीं मिल रही है। कारण है। कि पुराने ठेकेदार ने इतनी शराब की पेटी डंप कर दी है। कि कई दिनों तक ग्रामीण क्षेत्रों में अवैध शराब की कमी नहीं होगी। वहीं आबकारी विभाग की कार्य प्रणाली पर भी सवाल उठ रहे हैं। कि आचार संहिता में शराब दुकान का शुरू होना और उसे पर भी पुराने बैच नंबर की शराब बेचा जाना मदिरा प्रेमियों में चर्चा का विषय बना हुआ है।




## मेरा ईकेवायसी एप लॉन्च, घर बैठे करें राशन की ई-केवायसी

**छिन्दवाड़ा।** सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अंतर्गत पंजीकृत हितग्राहियों को शासकीय उचित मूल्य दुकानों के माध्यम से प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के अंतर्गत निःशुल्क खाद्यान्न वितरण किया जा रहा है। आगामी समय में खाद्यान्न निरंतर प्राप्त होता रहे इसलिये सभी पात्र हितग्राहियों को ई-केवायसी कराना अनिवार्य है । जिला आपूर्ति अधिकारी छिंदवाड़ा ने बताया कि राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम 2013 के अंतर्गत सम्मिलित शेष रहे हितग्राहियों के ई-केवायसी 30 अप्रैल 2025 तक करने के निर्देश भारत सरकार द्वारा दिये गये हैं। समय-सीमा में सभी पात्र हितग्राहियों की ई-केवायसी न होने पर ई-केवायसी शेष रहने वाले हितग्राहियों को वितरित खाद्यान्न पर भारत सरकार द्वारा अनुदान भुगतान पर रोक लगाया जाना सम्भावित है ।

उन्होंने बताया कि एनएफएसए के अंतर्गत सम्मिलित शेष सभी पात्र हितग्राहियों के ई-केवायसी समय-सीमा में करने के लिये 30 अप्रैल 2025 तक ई-केवायसी करने का विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसके लिये शासकीय उचित मूल्य दुकान के विक्रेता, संबंधित विकासखण्ड के अंतर्गत संबंधित ग्राम पंचायत सचिव/रोजगार सहायक, संबंधित नगरीय क्षेत्र के वार्ड प्रभारी का संयुक्त दल गठित किया जाकर कैम्प आयोजित किये जाकर ई-केवायसी का कार्य पूर्ण कराया जा रहा है। जिले में राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम 2013 के अंतर्गत सम्मिलित 1362629 सदस्यों में से 1140873 सदस्यों /हितग्राहियों की ई-केवायसी का कार्य अर्थात 83.73 प्रतिशत ई-केवायसी कार्य पूर्ण हो चुका है। शेष रहे 204395 हितग्राहियों के ई-केवायसी होना शेष है ।

ई-केवायसी के दौरान पीओएस मशीन में 5 वर्ष से कम उम्र के बच्चे, वृद्धजन व अन्य जिनका बायोमेट्रिक सत्यापन नहीं हो पा रहा है, ऐसे हितग्राहियों के साथ ही ऐसे हितग्राही जो अपनी मूल उचित मूल्य दुकान के बाहर मध्यप्रदेश के किसी भी अन्य स्थान में निवासरत हैं या जो हितग्राही अपने कार्य की व्यस्तता के कारण उचित मूल्य दुकान या कैम्पों में उपस्थित नहीं हो सकते हैं ऐसे सभी हितग्राहियों की ई-केवायसी के लिये शासन द्वारा ₹मेरा ई-केवायसी एप₹ लॉन्च किया गया है, जिसके माध्यम से उचित मूल्य दुकान के विक्रेताओं के अतिरिक्त पात्र हितग्राही भी स्वयं अपने एन्ड्रॉयड मोबाईल फोन के माध्यम से ₹मेरा ई-केवायसी एप₹ को गूगल प्ले स्टोर के माध्यम से डाउनलोड कर स्वयं भी एवं परिवार के सदस्यों का भी ई-केवायसी कर सकते

# प्रधानमंत्री के संकल्प को पूरा करने देश से सिकल सेल को मिटाना है: सांसद साहू

### होम्योपैथी के निःशुल्क सिकल सेल शिविर में 2000 मरीज हुए लाभान्वित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा



अपने लोकसभा क्षेत्र में जन जन के स्वास्थ्य की चिंता करने वाले संवेदनशील सांसद श्री बंटी विवेक साहू सतत रूप से निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर लगाकर जन स्वास्थ्य की दिशा में लगातार काम कर रहे हैं। इसी कड़ी में सांसद बंटी विवेक साहू के नेतृत्व में छिंदवाड़ा होम्योपैथी एसोसिएशन द्वारा जिले के सभी सिकल सेल रोगियों की सेवार्थ निःशुल्क पैथोलॉजी जांच और होम्योपैथी इलाज का शिविर पूजा लॉज छिंदवाड़ा में लगाया गया। शिविर में कुल 2000 पंजीयन हुए, 1650 से अधिक मरीजों ने अपना इलाज और 240 मरीजों ने पैथालॉजी जांच कराई। इसमें से 1047 मरीज सिकल सेल के शिविर में पहुचे थे।

शिविर का शुभारंभ सांसद विवेक बंटी साहू ने किया। इस अवसर पर शिविर को संबोधित करते हुए सांसद बंटी विवेक साहू ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी की मंशा और उनका संकल्प है कि 2047 तक आजादी के 100 वर्ष पूर्ण होने पर पूरे देश से सिकल सेल की बीमारी को समाप्त करना है। आदरणीय प्रधानमंत्री जी के इस संकल्प को पूरा करने के लिए होम्योपैथी वेलफेयर एसोसिएशन आगे आया है, और इस शिविर के माध्यम से सिकल सेल के मरीजों को लाभ होगा ।

सांसद श्री साहू ने कहा कि मेरी भी विशेष रूचि सिकल सेल के मरीजों को लेकर रही है और हम लंबे समय से इसको लेकर काम कर रहे हैं । सिकल सेल के मरीजों के लिए यह सफल आयोजन किया गया है और जिले भर से सिकल सेल की बीमारी से पीड़ित बच्चे बड़ी संख्या में आए हुए हैं और उन्हें होम्योपैथी माध्यम से अच्छा इलाज मिलेगा।
हम सबको इस बीमारी को रोकने के लिए आगे आना होगा, सभी का संकल्प है कि हमारा राष्ट्र विकसित राष्ट्र बने, प्रधानमंत्री श्री मोदी भी विकसित राष्ट्र बनाने की दिशा में काम कर रहे हैं, इसके लिए देश का हर बच्चा स्वस्थ रहना चाहिए, जिससे वह देश विकसित राष्ट्र के लिए अपना योगदान दे सके। प्रधानमंत्री जी लोगों के स्वास्थ्य के लिए लगातार कार्य कर रहे हैं जिससे मरीजों को उपचार की अच्छी सुविधा मिल रही है।

### ब्लड की कमी नहीं आने देंगे

सांसद बंटी विवेक साहू ने कहा कि सरकार द्वारा सिकल सेल के मरीजों के लिए निःशुल्क ब्लड की व्यवस्था की जाती है, लोग जागरूकता के अभाव में ब्लड नहीं देते हैं, लेकिन हमारे पास युवाओं की फौज है। जब भी सिकल सेल के मरीजों को ब्लड की आवश्यकता पड़ेगी हम सब तैयार हैं, हमेशा से हमारे युवा, कार्यकर्ता ब्लड डोनेट कर सिकल सेल के मरीजों के लिए आगे आ रहे हैं।

## अग्नि प्रभावित जिलों को लेकर वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से हुई महत्वपूर्ण बैठक

**छिन्दवाड़ा।** मध्यप्रदेश शासन, वन विभाग द्वारा प्रदेश के अग्नि प्रभावित जिलों की स्थिति की समीक्षा हेतु आज दोपहर 12:00 से 1:00 बजे तक वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। इस बैठक की अध्यक्षता अपर मुख्य सचिव, वन विभाग, मध्यप्रदेश शासन एवं भारत सरकार के प्रतिनिधि द्वारा की गई। बैठक में प्रदेश के जिला कलेक्टर्स एवं वनमण्डलाधिकारियों ने भाग लिया। मुख्य सचिव महोदय के निर्देशानुसार बैठक में कृषि उत्पादन आयुक्त, मध्यप्रदेश, भोपाल द्वारा नरवाई जलाने के कारण हो रही अग्नि दुर्घटनाओं की समीक्षा भी की गई।

बैठक के दौरान तीन मुख्य बिंदुओं – फारेस्ट फायर, नरवाई और अर्बन सेंटर फायर – पर चर्चा हुई। सभी जिलों के कलेक्टर्स को निर्देशित किया गया कि अग्नि घटनाओं के रिस्पांस टाइम को वर्तमान 8 घंटे से घटाकर 2-3 घंटे तक किया जाए। साथ ही, अग्निकांडों की पूर्व तैयारी हेतु अधिक से अधिक लोगों को संबंधित पोर्टल पर पंजीकृत कराने एवं फायर फाइटिंग उपकरणों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। बैठक में मंत्रालय द्वारा कलेक्टर्स से उनकी तैयारियों की जानकारी भी ली गई। इस क्रम में जिले के कलेक्टर श्री शीलेन्द्र सिंह ने बताया कि जिले में किसान यूनियन की बैठक आयोजित कर लोगों में जागरूकता फैलाई जा रही है ताकि सुपर सीडर एवं हैप्पी सीडर का अधिकतम उपयोग किया जा सके।

# देवगढ़ में विद्यार्थियों ने श्रमदान कर की बावड़ी की सफाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा



प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव मध्यप्रदेश शासन के द्वारा चलाया जा रहा जल गंगा संवर्धन अभियान जो की 30 मार्च से प्रारम्भ है और 30 जून तक चलेगा, इस जल गंगा संवर्धन अभियान को सफल बनाने के लिये म.प्र. जन अभियान परिषद सतत कार्य कर रहा है।

इसी कड़ी में कलेक्टर श्री शीलेन्द्र सिंह के निर्देशानुसार म.प्र. जन अभियान परिषद छिंदवाड़ा के जिला समन्वयक श्री अखिलेश जैन व विकासखंड समन्वयक मोहखेड़ भवानी प्रसाद कुमरे के कुशल मार्गदर्शन में संचालित सीएमसीएलडीपी समाज कार्य के छात्रों द्वारा मोहखेड के सेक्टर-01 से श्रीमती आरती माटे के सहयोग से ग्राम देवगड़ में ₹जल गंगा संवर्धन अभियान₹ के अंतर्गत देवगड़ की एक वावड़ी की साफ-सफाई की गई एवं वावड़ी पर जमीं हुई काई एवं अपशिष्ट कचरा हटाकर पानी को साफ किया गया। इस श्रमदान कार्य में बीसएसडब्ल्यू व एमएसडब्ल्यू के विद्यार्थी पंकज गाडरे व सागर पवार की महत्वपूर्ण भूमिका रही।




#### स्टेट हाईवे से लगे निर्माण स्थल के चयन को लेकर उपयंत्री, सहायक यंत्री कटघरे में

# राशि खर्च होने के बाद भी आंगनवाड़ी भवन अधूरा मासूमों की हो रही फजीहत



हरिभूमि न्यूज ▶▶ तामिया

तामिया जनपद की ग्राम पंचायतो मै निर्माण कार्य तकनीकी मापदंड के विपरीत बनाकर निर्माण कार्य की गुणवत्ता की अन देखी होना आम बात है! वही इन निर्माण कार्यों को तकनीकी मार्गदर्शन देने वाले उपयंत्री भी कम लापरवाह नहीं है! ऐसी लापरवाही की वानगी जैतपुर सेक्टर की ग्राम पंचायत पांडू पिपरिया में पंचायत एवं उपयंत्री की लापरवाही आंगनवाड़ी भवन निर्माण मैं साफ देखने मिल रही है! पाडू पिपरिया में आंगनवाड़ी भवन नहीं होने के कारण मासूम बच्चे किराए की आंगनवाड़ी में बैठ रहे हैं! तो समझा जा सकता है! कि उनको और उनके पालकों को कितनी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा होगा? प्राप्त जानकारी के अनुसार वित्तीय वर्ष 23/24 में आंगनवाड़ी भवन निर्माण के लिए 9 लाख स्वीकृत हुए हैं! जिसमें आंगनवाड़ी भवन के अलावा शौचालय बाउंड्री पेयजल के लिए नलकूप खनन का प्रावधान है! लेकिन निर्माण एजेंसी ग्राम पंचायत की घोर लापरवाही इस निर्माण कार्य मै स्थल चयनृ मै देखने मिलि है! कि इस भवन निर्माण स्थल का चयन ही ग्रामीणों के अनुसार गलत है! क्योंकि यह छिंदवाड़ा पिपरिया मार्ग से एकदम सटकर बनाए जाने से भी ग्रामीणों में नाराजगी है! कि छोटे-छोटे मासूम बच्चे इस व्यस्त मार्ग से आंगनवाड़ी भवन मै आने के समय जरा सी चूक में बच्चों के साथ किसी प्रकार की दुर्घटना घट जाए तो इसके लिए जिम्मेदार कौन होगा? इसका भी ध्यान नहीं रखा गया? वही निर्माण कार्य में पंचायत द्वारा मनमाने तरीके से घटिया निर्माण सामग्री लगाकर कार्य की गुणवत्ता को बुरी तरीके से प्रभावित किया गया है! ईस निर्माण कार्य में हुए निर्माण कार्य किए गए भुगतान मूल्यांकन एवं समय सीमा में नहीं बनाए जाने की यदि जांच की जाएगी तो सरपंच सचिव उप यंत्री सहायक यंत्री इस आंगनवाड़ी निर्माण भवन में लापरवाही एवं भ्रष्टाचार की बंदर बांट में बराबर के हिस्सेदार पे जाएंगे? अब देखना यह है!की मुख्य मार्ग पर ही इस आंगनवाड़ी भवन निर्माण में जो भ्रष्टाचार किया गया है! तो दूर दराज के क्षेत्र में चल रहे निर्माण कार्य के हालात क्या होंगे I बयां करने की कोई जरूरत नहीं है।

## भगवान श्री निषाद राज जयंती कार्यक्रम में शामिल हुए सांसद

# जनता के दुखों को पार लगाना ही सरकार का लक्ष्यः सांसद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

जिस तरह भगवान श्री राम चंद्र जी को भगवान निषादराज ने गंगा मैया पार लगाया, उसी प्रसंग से प्रेरित होकर प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार और डॉ मोहन यादव जी के नेतृत्व वाली प्रदेश सरकार जनता को दुखो से पार लगाने का निरंतर प्रयास कर रही है। यह बात लोकप्रिय सांसद श्री बंटी विवेक साहू ने भगवान निषाद राज जी की जयंती के अवसर पर दमुआ में आयोजित कार्यक्रम में कही।

मांझी, निषाद, केवट, कहार भवन परिसर में आयोजित इस कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सांसद श्री बंटी विवेक साहू ने भगवान श्री राम चंद्र जी को गंगा पार कराने वाले भगवान केवट को प्रणाम करते हुए उपस्थित जनों को जयंती उत्सव की शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि मेरा कहार समाज से चार पीढ़ियों का संबंध है।



सांसद श्री साहू ने कहा कि यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार सबका साथ सबका विकास सबका विश्वास सबका प्रयास के नारे पर अमल कर हर वर्ग के उत्थान के लिए सतत प्रयत्न शील है। वे भी अपने क्षेत्र में कहार, निषाद, केवट, मांझी समाज की समस्याओं का तत्काल निराकरण की दिशा में प्रयास कर रही हैं। भाजपानीत केंद्र और राज्य सरकार समाज के परंपरागत काम को आगे बढ़ाने का प्रयास निरंतर कर रही है। गरीब कल्याण, जन कल्याण की योजनाओं का बेहतर क्रियान्वयन किया जा रहा है। सभी पात्र हितग्राहियों को इसका लाभ मिल रहा है। माननीय प्रधान मंत्री श्री मोदी जी हर जाति, हर समाज के कल्याण का काम कर रहे हैं।

कार्यक्रम को पूर्व विधायक नत्थन शाह कवरेती एवं नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती किरण खातरकर सहित अन्य वक्ताओं ने संबोधित किया। इस अवसर पर सांसद श्री साहू ने कहार मत्स्योद्योग सहकारी समिति मर्यादित देहगांव खुर्द तामिया को मत्स्य पालन के लिए जलाशय का पट्टा दस वर्ष के लिए प्रदान किया।

### कार्यक्रम में यह रहे उपस्थित

कार्यक्रम में इस अवसर पर पूर्व विधायक हरिशंकर ऊईके, वरिष्ठ भाजपा नेता योगेश साहू, आशीष ठाकुर, मंडल अध्यक्ष सोनू पाटिल, पूर्व अध्यक्ष मोनू साहू, मोहन पाल, बबुआ कश्यप, मनोज दवंडे, संजय जैन, रूपेश मानेराव विशाल सूर्यवंशी, मनेश श्रीवास्तव, ज्ञान सिंह ठाकुर, रूपेश यादव, सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# भाजपा नगर युवा मोर्चा ने दहन किया सोनिया एवं राहुल गांधी का पुतला



हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

प्रदेश भारतीय जनता युवा मोर्चा के नेतृत्व एवं सांसद विवेक बंटी साहू के निर्देशानुसार कांग्रेस लीडर सोनिया गांधी एवं राहुल गांधी का पुतला भाजपा नगर युवा मोर्चा द्वारा दहन किया गया। नगर युवा मोर्चा अध्यक्ष बिट्टू मंडराह,अनुज मल्होत्रा व रवि मालवी ने बताया कि कांग्रेस सरकार द्वारा अपने शासनकाल में किये गये नेशनल हेराल्ड घोटाले मामले मे कांग्रेस के द्वारा लगातार देश की जनता को गुमराह व भ्रान्तियाँ फैलाने का काम कर रही है।

ईडी का दावा है कि एजेएल की 2,000 करोड़ रुपये से ज्यादा की संपत्ति को वाईआईएल के जरिए कब्जे में लिया गया है। एजेंसी ने कहा है कि इसमें 988 करोड़ रुपये की मनी लॉन्ड्रिंग भी की गई है। जांच में यह बात सामने निकलकर आई है कि एसोसिएटेड जर्नल्स लिमिटेड (एजेएल) के पास दिल्ली, मुंबई और लखनऊ सहित भारत के कई शहरों में 661.69 करोड़ की अचल संपत्तियां हैं और इन्हें आपराधिक आय के जरिए हासिल किया गया था।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से भाजपा जिला महामंत्री टीकाराम चंद्रवंशी, जागेंद्र अल्डक,अरविंद राजपूत,नगर मंडल अध्यक्ष अंकुर शुक्ला, नवीन बारस्कर,पंकज पाटनी, पप्पू ठाकुर, रोहित माहोरे, नीरज भारद्वाज, लकी पाल,अंकित सोलंकी, अंकित तिवारी मौजूद रहे।

# मछेरा के घोघरा नाले में श्रमदान से किया गया गहरीकरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा जल संरक्षण के लिये चलाये जा रहे जल गंगा संवर्धन अभियान जो की 30 मार्च से 30 जून 2025 तक सभी विभागों के समन्वित प्रयासों से जल संरक्षण और संवर्धन के लिये पुरातन जल स्त्रोतों की सफाई और गहरीकरण तथा जल के सदुपयोग के लिए जन जागरूकता कार्यक्रम, जल संगोष्ठी, दीवार लेखन, जल शपथ तथा पौधारोपण आदि गतिविधियां अनवरत रूप से जारी है।

इसी कड़ी में कलेक्टर श्री शीलेन्द्र सिंह के निर्देशानुसार म.प्र.जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक श्री अखिलेश जैन एवं विकासखंड समन्वयक भवानी प्रसाद कुमरे के कुशल मार्गदर्शन में सेक्टर क्रमांक-03 लावघोघरी के ग्राम मछेरा के घोघरा नाले में श्रमदान कर गहरीकरण किया गया एवं जल संगोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें ग्राम के सभी वरिष्ठ जनों द्वारा जल पीढ़ी संवाद के माध्यम से पानी के रख-रखाव एवं उपयोग पर विस्तृत चर्चा की गई। चर्चा के दौरान मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास पाठ्यक्रम की परामर्शदाता श्रीमती आरती माटे के द्वारा उपस्थित ग्रामवासियों से अपील की गई कि धरती का जल स्तर बढ़ाने के लिये हमें व्यक्तिगत रूप से अपना योगदान देना होगा हमें खेत का पानी खेत में और गांव का पानी गांव में रोकने के लिए छोटी-छोटी जल संरचनाएं बनाना होगा।

### माचागोरा बांध के मुख्य द्वार खोलकर पेंच नदी में छोड़ा गया पानी

**छिन्दवाड़ा।** पेंच व्यपवर्तन बांध जल संसाधन संभाग क्रमांक-1 चौरई के कार्यपालन यंत्री श्री एस.के.सिरसाम ने बताया कि छिंदवाड़ा/पांढुर्णा सांसद श्री विवेक बंटी साहू द्वारा पेंच व्यपवर्तन परियोजना के अंतर्गत पेंच बांध (माचागोरा बांध) से नगर पंचायत चौरई, चांद एवं ग्रामीण क्षेत्र की जनता एवं मवेशियों को पेयजल एवं निस्तारण के लिये पानी की आवश्यकता को पूरा करने के लिये पत्र प्रेषित किया गया है । इस तारतम्य में 19 अप्रैल 2025 को प्रातः 11:30 बजे बांध के मुख्य द्वार (रेडियल गेट) को खोलकर लगभग 17 क्यूमेक्स पानी छोड़ा जायेगा, जिससे पेंच नदी में पानी के बहाव एवं जल स्तर में बढ़ोत्तरी होगी।

### नरवाई प्रबंधन के लिए उपयोग में आने वाले यंत्र हैप्पी सीडर एवं सुपर सीडर के लिए 28 अप्रैल तक आवेदन आमंत्रित

**छिन्दवाड़ा।** कलेक्टर शीलेन्द्र सिंह के निर्देशानुसार जिले के कृषकों को कृषि विभाग द्वारा सूचित किया गया है कि नरवाई प्रबंधन के लिए उपयोग में आने वाले यंत्र हैप्पी सीडर एवं सुपर सीडर के लिए आवेदन 18 अप्रैल 2025 से आमंत्रित किए जा चुके हैं। आवेदन ई-कृषि यंत्र अनुदान पोर्टल पर किया जा सकता है। नरवाई प्रबंधन के लिए यह उपयुक्त यंत्र है, जिसमें बिना नरवाई जलाए ही आप फसल के अवशेषों को मृदा में मिलाकर सीधे बुवाई कर सकते हैं, जिससे लागत में बहुत कमी आती है एवं बेहतर पोषक तत्व पौधों को मिलते हैं। आवेदन की करने की अंतिम तिथि 28 अप्रैल 2025 है एवं आवेदन के चयन के लिये लॉटरी 29 अप्रैल 2025 को संपादित की जायेगी । इसके अंतर्गत हैप्पी सीडर के लिये 4500 रुपए का डीडी व सुपर सीडर के लिये 4500 रुपए का डीडी, सहायक कृषि यंत्री छिंदवाड़ा के नाम से बनाना होगा। सभी कृषक इस योजना का लाभ ले सकते हैं। अधिक जानकारी के लिये सहायक कृषि यंत्री छिंदवाड़ा के मोबाईल नंबर- 8982682890, 9399493219 पर संपर्क किया जा सकता है।

# सांसद ने की जिलेवासियों के लिए सुख समृद्वि की कामना



हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

भगवान भाव के भूख हैः पंडित दुर्गेश महाराज
छिन्दवाड़ा। जुन्नारदेव विकासखंड अंतर्गत चमत्कारिक हनुमान मंदिर ग्राम उमरिया फदाली में श्री सेवा दास महाराज की तपोभूमि में चल रही नवकुंडीय श्री सीताराम महायज्ञ एवं श्रीराम कथा नवान्ह यज्ञ के आठवें दिन आज कथा में जिले के सांसद बंटी विवेक साहू कथा श्रवण करने के लिए पहुंचे। इस अवसर पर सांसद श्री साहू ने बिलासपुर छत्तीसगढ़ से पधारे धर्माचार्य पं. दुर्गेश महाराज का आर्शीवाद लिया और जिलेवासियों के लिए सुख समृद्वि की कामना की और सैकडों लोगों की मौजुदगी में कथा सुनी।

इस अवसर पर धर्माचार्य पं. दुर्गेश महाराज ने अपने मुखारविंद से शबरी प्रसंग का विस्तार से वर्णन किया। उन्होंने कहा कि भगवान द्वारा शबरी को नवदा भक्ति की जानकारी भगवान जी द्वारा प्रदान की गई, भगवान जीवन में आगे बढ़ते हैं और माता शबरी द्वारा बताए गए ऋषिमुख पर्वत की ओर बढ़ते हैं बीच रास्ते में उनकी भेंट हनुमान जी से होती है वे भगवान के पास ब्राह्मण रूप आते हैं हनुमान जी उन्हें सुग्रीव के पास ले जाते हैं और सुग्रीव और राम की मित्रता कराते हैं कथा सुंदरकांड में प्रवेश करती है हनुमान जी सीता माता का पता लंका जाते हैं लंका में जाकर माता सीता का पता लगते हैं और लंका दहन करते हैं।

आज कथा में सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु मौजूद थे। कथा का वाचन प्रतिदिन दोपहर 3 से शाम 7:00 बजे तक किया जा रहा है। हनुमान मंदिर सेवा दास समिति ने क्षेत्र के समस्त श्रद्धालुओं से इस पुनीत यज्ञ एवं कथा का श्रवण कर धर्म लाभ अर्जित करने की अपील की है।

इस अवसर पर कथा में रमेश सालोड़े अध्यक्ष नगर पालिका परिषद जुन्नारदेव, विवेक चंद्रवंशी मंडल अध्यक्ष जुन्नारदेव,वरिष्ठ भाजपा नेता राजु नरोटे, रोहित पोपली,रिजनान कुरैशी, जीतू राय, तहसीलदार राजेंद्र टेकाम, मुख्य नगर पालिका अधिकारी सुश्री नेहा धुर्वे उपस्थित थी।

# 24 लाख की लागत के ग्रीन स्पेस पार्क का किया लोकार्पण



**छिंदवाडा।** सांसद बंटी विवेक साहू ने दमुआ में शुक्रवार को 24 लाख रुपयों की लागत से बने ग्रीन स्पेस पार्क का लोकार्पण किया।कार्यक्रम में उन्होंने दमुआ को ग्रीन सिटी बनाने की बात कही। उन्होंने दमुआ के विकास और ग्रीन सिटी बनाने को लक्ष्य बताया। कन्हान क्षेत्र को दो खदानों की पहली स्वीकृति दिलाने के बाद जिले के सांसद बंटी विवेक साहू शुक्रवार को पहली बार दमुआ पहुंचे थे। उन्होंने दमुआ के विकास को लेकर उनकी सोच, लक्ष्य और भावी योजनाओं को लोगों के सामने रखा। उन्होंने इस अवसर पर कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी देश को निरंतर गति दे रही है। इसी क्रम में हम निरंतर विकास के लिए प्रयास कर रहे है। दमुआ पहले एक हरा भरा क्षेत्र था । लेकिन अब वह उजड़ता जा रहा है। पूर्व के सांसदों ने सिर्फ स्वार्थ की राजनीति की ।

सांसद श्री साहू ने कहा कि वे जिले के बेटे है,आप के बीच के है। निरंतर इस क्षेत्र के लिए प्रयास कर रहे है। इस प्रयास के क्रम में हमने दो खदानों की प्रथम स्वीकृति लाई है और हम दमुआ क्षेत्र के लिए आगे भी विकास के लिए प्रयासरत हैं।हमारा विश्वास है कि दमुआ पहले जैसे हरा भरा होगा।

# भाजपा क्षेत्रीय संगठन महामंत्री जामवाल ने की परिचर्चा

## भाजपा अनुसूचित जाति. जनजाति मोर्चा के पदाधिकारी और जनप्रतिनिधियों ने किया संवाद




हरिभूमि न्यूज़ बालाघाट।

भारतीय जनता पार्टी के क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल ने शनिवार को जिला भाजपा कार्यालय में भाजपा कार्यकर्ताओं, पदाधिकारी और जनप्रतिनिधियों के साथ परिचर्चा की। भाजपा कार्यालय में उनकी आत्मीय अगवानी कर स्वागत. सत्कार किया गया। जहां उन्होंने भाजपा अनुसूचित जाति, जनजाति वर्ग के पदाधिकारी और जनप्रतिनिधियों से खासतौर पर मुलाकात महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा किया। इस दौरान अनुसूचित जाति, जनजाति मोर्चा के जनप्रतिनिधियों ने क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जमवाल से संवाद किया। जिसे ध्यानपूर्वक सुनते हुए उन्होंने उनके समाधान की बात कही। सर्वप्रथम भारत माता, डां श्यामा प्रसाद मुखर्जी, पं दीनदयाल उपाध्याय के तैल चित्र पर माल्यार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित की गई। बैठक में पूर्व मंत्री, भाजपा जिलाध्यक्ष रामकिशोर नानो कावरे, पूर्व कैबिनेट मंत्री गौरीशंकर बिसेन, सांसद श्रीमती भारती पारधी, विधायक गौरव सिंह पारधी, राजकुमार कर्राहे, पूर्व मंत्री प्रदीप गुड्डा जायसवाल, पूर्व विधायक रमेश दिलीप भटेरे, पूर्व जिलाध्यक्ष डां टीडी वैध, रमेश रंगलानी, सत्यनारायण अग्रवाल, श्रीमती लता एलकर मंचासीन रहे। बैठक का संचालन एक राष्ट्र, एक चुनाव की अभिकल्पना के साथ भाजपा जिला महामंत्री मौसम बिसेन ने किया, वहीं जिला महामंत्री डां नरेंद्र भैरम ने आभार माना।

### सामाजिक जिम्मेदारी निभानी होगी-जामवाल

जन संवाद करते हुए भाजपा क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल ने कहा, आजादी के बाद से देश तेज गति से विकास की ओर आगे बढ़ रहा है। गुलामी के दौर में अंग्रेजों ने हमारी संस्कृति, सभ्यता और पहचान को नष्ट भ्रष्ट करने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ी। अब अनुकूल परिस्थितियों में उन अवस्थाओं को और अधिक ठीक करना होगा। सत्ता को व्यवस्था के तौर पर बदलने के प्रयास जारी है। हमें भी भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता होने के नाते सामाजिक परिवर्तन, पर्यावरण संरक्षण, जल बचाओ, शिक्षा, नशा मुक्ति, समरसता के क्षेत्र में अपनी जिम्मेदारी निभानी होगी। खुशहाल आत्मनिर्भर भारत की अभिकल्पना को साकार कर पाएंगे।



# मॉयल लिमिटेड बालाघाट खदान को मिला नया नेतृत्व, विवेक कुमार बने 24वें खान प्रबंधक

हरिभूमि न्यूज़ बालाघाट।

मॉयल लिमिटेड की प्रतिष्ठित बालाघाट खदान को नया नेतृत्व मिल गया है। देश की सबसे बड़ी मैंगनीज उत्पादक सरकारी कंपनी मॉयल लिमिटेड के अनुभवी अधिकारी विवेक कुमार ने बालाघाट खदान के 24वें खान प्रबंधक के रूप में अपना पदभार ग्रहण कर लिया है। उनका यह तबादला उकवा खदान से हुआ है, जहां वे उल्लेखनीय सेवाएं दे रहे थे। भारत सरकार के इस्पात मंत्रालय के अधीन आने वाली मॉयल लिमिटेड की यह खदान न केवल मध्यप्रदेश बल्कि पूरे देश में अपनी उत्कृष्ट मैंगनीज अयस्क की गुणवत्ता के लिए जानी जाती है। बालाघाट खदान को कंपनी की रीढ़ कहा जाता है कृ यह उपाधि उसकी उत्पादन क्षमता, गुणवत्ता और योगदान को देखते हुए दी गई है। ऐसे में विवेक कुमार का इस खदान का नेतृत्व संभालना न केवल एक बड़ी जिम्मेदारी है, बल्कि उनके लिए एक प्रतिष्ठा का विषय भी है।

### खदानों का है गहरा अनुभव

विवेक कुमार खनन क्षेत्र में लगभग एक दशकों से कार्यरत हैं और उन्हें भूमिगत तथा ओपनकास्ट खदानों का गहरा अनुभव है। इससे पूर्व वे भरवेली खदान में भूमिगत खान प्रबंधक के रूप में कार्य कर चुके हैं और यहां की संरचना, संसाधन, चुनौतियाँ और कर्मचारियों से वे भलीभांति परिचित हैं। उनकी नेतृत्व क्षमता, तकनीकी ज्ञान और कार्यस्थल पर सकारात्मक ऊर्जा का संचार करने की शैली के लिए वे पहचाने जाते हैं। उन्होंने कहा कि मेरा प्रयास रहेगा कि बालाघाट खदान की उत्पादन क्षमता को और अधिक बढ़ाया जाए, साथ ही श्रमिकों की सुरक्षा और कल्याण को प्राथमिकता दी जाए। हम नई तकनीक और नवाचार को अपनाकर कार्यप्रणाली में सुधार लाएंगे।



### 21 अप्रैल से प्रतिदिन शहर की साफ-सफाई में जुटेगा नपा एवं जिला प्रशासन

**बालाघाट हरिभूमि ।** जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जिला प्रशासन एवं नगर पालिका द्वारा संयुक्त रूप से निरंतर कार्यक्रम के क्रियान्वयन का कैलेंडर जारी कर दिया गया है। शहर में पानी की बूंद बूंद बचाने के लिए 21 अप्रैल सोमवार से 10 मई तक निरंतर गतिविधियों का क्रियान्वयन किया जाएगा। इस दौरान प्रशासनिक विभाग एवं नगर पालिका मिलकर नगर की जल संरचनाओं, कुआँ, तालाब का जीर्णोद्धार एवं नलकूपो की साफ सफाई का काम सुनिश्चित करेंगे। जिला प्रशासन द्वारा जारी कैलेंडर के अनुसार सोमवार प्रातः 8 बजे शहर के धोबी तालाब में जल संरक्षण एवं जीर्णोद्धार के लिए कार्यक्रम आयोजित किया गया है, जिसमे जनसहयोग को आमंत्रित कर जल संवर्धन अभियान को सार्थक बनाने के लिए आमंत्रित किया गया है।

# शासकीय महाविद्यालय में मनाई गई आंबेडकर जयंती

हरिभूमि न्यूज़ वारासिवनी।

शासकीय शंकरसाव पटेल महाविद्यालय वारासिवनी में मध्यप्रदेश शासन उच्च शिक्षा से प्राप्त निर्देशानुसार इंदिरा कक्ष में ''डॉ. भीमराव अम्बेडकर'' की जयंती का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन कार्यक्रम अध्यक्ष डॉ. सरिता कोल्हेकर, डॉ. मिथिलेश्वरी घोरमारे विभागाध्यक्ष, प्रशासनिक अधिकारी डॉ. एस.एस. गेडाम, कार्यक्रम संयोजक डॉ. रक्षा निकोसे, सहसंयोजक प्रो. सरिता नागवंशी व मंच संचालक नरेन्द्र डोंगरे द्वारा माँ सरस्वती एवं डॉ. भीमराव अम्बेडकर की प्रतिमा एवं छायाचित्र पर माल्यार्पणएवं दीप प्रज्जवलित कर किया गया। कार्यक्रम का मुख्य बिन्दु हमारा संविधान हमारा स्वाभिमान कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं के द्वारा विचार अभिव्यक्त किए गए। जिसमें कु. सपना कोल्ते एम.ए. चतुर्थ सेमेस्टर, कु दिव्यानी सोनवंशी एम.ए. चतुर्थ सेमेस्टर, मोहित सूर्यवंशी एम.ए. चतुर्थ सेमेस्टर शामिल रहे। वंश बोम्बर्डे द्वारा गीत प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम में डॉ. त्रिरत्नेश गजभिये द्वारा डॉ. भीमराव अम्बेडकरकी शिक्षा अन्य रूचियों जैसे मूर्तिकार एवं वायलिन वादन के प्रतिभा से सम्पन्न आयामों पर चर्चा की गई। डॉ. भीमराव अम्बेडकर के बोधिसत्व बनने की अवस्था और उस अवस्था से प्राप्त सामाजिक लाभों पर डॉ. एस.एस. गेडाम ने प्रकाश डाला। डॉ. मिथिलेश्वरी घोरमारे ने संविधान द्वारा प्रदत्त महिला अधिकारों पर चर्चा की। कार्यक्रम अध्यक्ष डॉ. सरिता कोल्हेकर ने डॉ. भीमराव अम्बेडकर एवं संविधान के प्रारूप निर्माण पर विचार व्यक्त किए। सम्पूर्ण कार्यक्रम की सुचारू व्यवस्था कार्यक्रम सह संयोजक प्रो. सरिता नागवंशी द्वारा की गई।





### किसानों के लिये अल्पकालीन फसल ऋण चुकौती पर आया अपडेट

**बालाघाट हरिभूमि ।** जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक बालाघाट द्वारा शनिवार को कलेक्टर एवं बैंक प्रशासक मृणाल मीना के मार्गदर्शन में प्रभारी मुख्य कार्यपालन अधिकारी पुरूषोत्तम जोशी ने अल्पकालीन फसल ऋण को लेकर जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि जिले के ऐसे किसान जिन्होंने खरीफ 2024 में वितरित फसल ऋण की 28 मार्च 2025 तक ऋण की अदायगी नही की है उन्हे एक अवसर प्रदान करते हुए किसान शीघ्र शाखा अंतर्गत समिति में जाकर निर्धारित ब्याज दर के साथ अल्पकालीन फसल ऋण की अदाई कर सकते है। विचार किया जा रहा है कि 28 अप्रैल 2025 तक किसान यदि अपनी ऋण अदायगी कर देते है तो उन्हें शून्य प्रतिशत ब्याज दर का लाभ प्राप्त हो सकता है। साथ ही उनके द्वारा जमा की गई ब्याज की राशि भी वापस प्राप्त हो सकती है। श्री जोशी ने जिले के कृषको से अपील की है कि ऐसे किसान जिन्होंने 28 मार्च 2025 तक राशि जमा नही की है वे अल्पकालीन फसल ऋण की राशि 28 अप्रेल 2025 तक जमा करे ताकि शासन की योजना

# नगर पालिका में सोनी और शास. महाविद्यालय में पिपरेवार विधायक प्रतिनिधि मनोनीत



हरिभूमि न्यूज़ वारासिवनी।

वारासिवनी-खैरलॉजी क्षेत्र के विधायक विवेक विक्की पटेल ने लगभग डेढ़ साल बाद नगरपालिका परिषद वारासिवनी, कृषि महाविद्यालय मुरझड़ वारासिवनी व शासकीय शंकरसाव पटेल महाविद्यालय वारासिवनी में अपने प्रतिनिधियों का मनोनयन किया हैं। जो उनकी उपस्थिति में इन तीनों संस्थाओं की बैठकों में भाग लेकर उनका प्रतिनिधित्व करेंगे। विदित हो कि विधायक श्री पटेल द्वारा अभी तक कई विभागों में अपने प्रतिनिधियों का मनोनयन नहीं किया गया हैं। जिसके कारण नागरिकों की समस्याओं को सुलझाने में कई परेशानियों का सामना उनके नेताओं व कार्यकर्ताओं को करना पड़ता हैं। कई विभागों में उनके नेताओं वकार्यकर्ताओं की बातों को अधिकारियों द्वारा नजरअंदाज कर दिया जाता हैं। जिससे सामान्य जनता परेशान होती रहती हैं। अब नगर पालिका परिषद वारासिवनी में सुदेश गुड्डु सोनी, कृषिमहाविद्यालय मुरझड़ वारासिवनी में गगन बिसेन और शासकीय शंकरसाव पटेलमहाविद्यालय वारासिवनी में अधिवक्ता पंकज पिपरेवार को विधायक प्रतिनिधि नियुक्त करने से इन तीनों संस्थाओं से संबंधित नागरिकों व विद्यार्थियों की समस्याओं को सुलझाने में मदद मिलेगी।

### परेशानियों को हल करवाने की गई प्रतिनिधियों की नियुक्ति-विवेक पटेल

विधायक विवेक विक्की पटेल ने सुदेश गुड्डु सोनी, गगन बिसेनऔर अधिवक्ता पंकज पिपरेवार को नियुक्त पत्र सौंपकर कॉलेज में परेशानियों का सामना कर रहे छात्र-छात्राओं को समस्या से निदान दिलाने की बात कहीं हैं। विधायक विवेक विक्की पटेल ने कहा कि कॉलेज में पढ़ाई कर रहे छात्र-छात्राओं की समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए तथा क्षेत्र एवं नगर के लोगों की समस्याओं का निदान करने के लिए विधायक प्रतिनिधि की नियुक्ति की हैं। क्षेत्र के लोग समस्या लेकर अधिकारियों तक नहीं पहुंच पाते और उनकी समस्याओं का निदान नहीं हो पाता हैं। इन्हीं सब समस्याओं को ध्यान में रखते हुए विधायक प्रतिनिधि नियुक्त किये गये हैं।

### नगर की जनता ना हो परेशान, रखा जाएगा ध्यान-गुड्डु सोनी

जिला महामंत्री सुदेश गुड्डु सोनी ने कहा कि विधायक विवेक विक्की पटेल ने मुझे नगरपालिका परिषद वारासिवनी का विधायक प्रतिनिधि नियुक्त किया हैं। नगरपालिका में छोटे गरीब लोगों की बाते नहीं सुनीजाती, बेवजह फुटकर दुकान वालों को अतिक्रमण के नाम पर हटाकर उन्हें परेशान किया जा रहा हैं।

## खबर संक्षेप

### अब शिक्षकों की होगी ऑनलाइन अटेंडेंस

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** सरकारी स्कूलों में समय पर हुआ नियमित रूप से शिक्षक स्कूल में पहुंच सके और विद्यार्थियों को पढ़ाया इसके लिए स्कूल शिक्षा विभाग ने बायोमेट्रिक उपस्थिति की तैयारी शुरू कर दी है। शिक्षकों की सार्थक एप के जरिए ऑनलाइन उपस्थिति दर्ज की जाएगी। शिक्षकों की लोकेशन के साथ-साथ और कई महत्वपूर्ण कार्य भी करेगा। इसके साथ ही शिक्षक अवकाश के लिए भी आवेदन कर सकेंगे। सार्थक एप केवल शिक्षकों की लोकेशन के साथ-साथ और कई महत्वपूर्ण कार्य भी करेगा। विभाग की नई व्यवस्था में कर्मचारी व शिक्षक छुट्टी के लिए भी आवेदन कर सकेंगे और शासन से किसी भी प्रकार का पत्राचार इस एप से हो जाएगा। सार्थक एप मध्य प्रदेश सरकार का पोर्टल और मोबाइल एप्लीकेशन है। जिससे शिक्षकों को पत्राचार करने संबंधी परेशानी नहीं उठानी पड़ेगी। ऑनलाइन शिक्षकों की उपस्थिति को पायलट प्रोजेक्ट के तौर पर उज्जैन और नरसिंहपुर जिले से लागू किया जाएगा। इसके लिए हर जिले से दो प्रोग्रामरों की ट्रेनिंग भी दी जा रही है। सरकारी स्कूलों में अब शिक्षकों की सार्थक एप के जरिए ऑनलाइन उपस्थिति दर्ज की जाएगी। इस बार इसे बेहतर तरीके से लागू किया जाएगा। जुलाई से अनिवार्य किया जाएगा। (उदय प्रताप सिंह, मंत्री स्कूल शिक्षा विभाग)।



# घर की तालाशी मे मिले अवैध रूप से रखे सागौन के लट्ठे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

**म.प्र. राज्य वन विकास निगम, लिमि. बरघाट परियोजना मण्डल, सिवनी के परियोजना परिक्षेत्र पांडिया छपारा अंतर्गत दिनांक 19.04.2025 को मुखबिर से सूचना प्राप्त होने पर संभागीय प्रबंधक मति भारती ठाकरे (भा.व.से.) के निर्देशनानुसार सर्च वारंट जारी कर।**

उपसंभागीय प्रबंधक अनिल कुमार क्षत्रिय के मार्गदर्शन में प्रभारी परियोजना परिक्षेत्र अधिकारी पांडिया छपारा एस. के. बनवाले एवं अधिनस्थ वन अमलें द्वारा परियोजना परिक्षेत्र पांडिया छपारा अंतर्गत आने वाले ग्राम उगदीवाडा तह-केवलारी, जिला सिवनी निवासी थानसिंह आत्मज झामाजी राहंगडाले के पुराने एंव नये घर की तालाशी के दौरान अवैध रूप से रखे गये सागौन 02 नग लट्ठा 0.061 घन.मी, 34 नग सागौन चिरान 0.193 घन.मी. एवं 08 सागौन चौखट 39 नग 0.501 घन.मी, सागौन कुल 75 नग 0.755 घ.मी. एंव प्रयुक्त औजार हाथ आरा 01 नग, जप्त की गई। प्रभारी परियोजना परिक्षेत्र अधिकारी पांडिया छपारा, एस. के. बनवाले द्वारा भारतीय वन अधिनियम की विभिन्न धाराओं के अंतर्गत थानसिंह आत्मज झामाजी राहंगडाले के विरूद्ध वन अपराध प्रकरण क्रमांक 420/26, दिनांक 19.04.2025 पंजीबद्ध कराकर, सफलता पूर्वक जप्ती कार्यवाही की गई।

उक्त जप्ती कार्यवाही में परियोजना परिक्षेत्र अधिकारी केवलारी शिवभान नागेश्वर, परियोजना सहायक पांडिया छपारा, भारत लाल आर्मी, वनरक्षक बी.आर. सिरसाम, स्थाईकर्मी बल्देव पन्द्रे, संतकुमार मरकाम, सियालाल मड़ावी, गिरधर देखमुख, रतन तेकाम एवं सुरक्षा श्रमिक तेजसिंह मड़ावी, उडनदस्ता वाहन चालक वाहिद खान का सराहनीय योगदान रहा।

# पेंच व्यपवर्तन परियोजना माचागोरा बांध से भीमगढ़ बांध के लिए छोड़ा गया पानी

## भीमगढ़ बांध का जलस्तर बढ़ने से जलापूर्ति होगी सुगम

**सशनिवार 19 अप्रैल को पेंच व्यपवर्तन परियोजना माचागोरा बांध से भीमगढ़ बांध के लिए नहर द्वारा पानी छोड़ा गया हैं। इस अवसर पर छिंदवाड़ा सांसद श्री विवेक साहू एवं विधायक सिवनी श्री दिनेश राय सहित अन्य जनप्रतिनिधियों एवं जल संसाधन विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति रही।**



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

उल्लेखनीय हैं कि पानी के भीमगढ़ बांध तक पहुँचने से जलस्तर से बढ़ोतरी होने पर भीमगढ़ बांध से संचालित हो रही नगरीय क्षेत्र सिवनी एवं अन्य समूह नलजल योजना का क्रियान्वयन सुगमता से हो सकेगा। इस दौरान नहर से सिंचाई एवं अन्य प्रयोजन के लिये पानी लेना पूरी तरह प्रतिबंधित किया गया।


## एमपी ट्रांसको वेबसाइट पर पेंशनरों के लिए डिजिटल जीवन प्रमाण पत्र सुविधा शुरू

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी (एमपी ट्रांसको) ने अपने पेंशनरों और उनके आश्रितों के लिए ऑनलाइन सेवाओं को बेहतर बनाने हेतु अपनी आधिकारिक वेबसाइट पर नई सुविधाएँ शुरू की हैं। एक प्रमुख पहल के रूप में, अब पेंशनर कहीं से भी डिजिटल जीवन प्रमाण पत्र (जीवन प्रमाण पत्र) सुविधा का लाभ उठा सकते हैं। एमपी ट्रांसको के मुख्य वित्तीय अधिकारी श्री मुकुल महरोत्रा ने बताया कि पहले पेंशनरों या उनके आश्रितों को जीवन प्रमाण पत्र जमा करने के लिए एमपी ट्रांसको के कार्यालयों में जाना पड़ता था, लेकिन अब यह आवश्यकता समाप्त कर दी गई है। इस नई सुविधा के साथ, डिजिटल जीवन प्रमाण पत्र सेवा अब वेबसाइट पर आसानी से उपलब्ध है। पेंशनर अब अपनी पेंशन की स्थिति की जांच कर सकते हैं और वर्तमान जीवन प्रमाण पत्र की वैधता भी ऑनलाइन देख सकते हैं। इससे उन्हें समय पर डिजिटल जीवन प्रमाण पत्र जमा करने में मदद मिलेगी। इसके अतिरिक्त, वेबसाइट पर एक समर्पित टैब भी जोड़ा गया है, जहाँ पेंशनरःअपनी पेंशन स्लिप देख और डाउनलोड कर सकते हैं।इनकम टैक्स फॉर्म-16 एक्सेस कर सकते हैं और डाउनलोड कर सकते हैं।वर्तमान में, एमपी ट्रांसको के सेवानिवृत्त कर्मचारियों की पेंशन और पारिवारिक पेंशन यूनियन बैंक ऑफ इंडिया के माध्यम से वितरित की जाती है, जिसमें 4,285 पेंशनर जुड़े हुए हैं। भविष्य में इस प्रणाली को अन्य बैंकों से भी जोड़े जाने की योजना है।

# संगठन मंत्री आज लेंगे अनुसूचित जनजाति मोर्चा की वृहद बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

20 अप्रैल 2025 को आज दोपहर 2:30 बजे जिला भाजपा कार्यालय सिवनी में भारतीय जनता पार्टी के क्षेत्रीय संगठन मंत्री अजय जमवाल जी अनुसूचित जनजाति मोर्चा की वृहद बैठक को संबोधित करेंगे । भारतीय जनता पार्टी एवं एवं अनुसूचित जनजाति मोर्चा के तत्वाधान में आयोजित इस महत्वपूर्ण बैठक के संबंध में स्थापना दिवस से प्रारंभ विभिन्न कार्यक्रामों के प्रभारी एवं पूर्व जिला अध्यक्ष आलोक दुबे ने कार्यक्रम के संबंध में जानकारी देते हुये बताया है कि 20 अप्रैल को आयोजित होने वाली जनजाति कार्यकत्राओं की वृहद बैठक भाजपा जिला अध्यक्ष



श्रीमती मीना बिसेन के मार्गदर्शन में अनुसूचित जनजाति मोर्चा के जिला अध्यक्ष संदीप उईके आयोजित कर रहे है ।

इस बैठक में सांसद, विधायक, प्रबंध समिति के सभी पदाधिकारी, पूर्व सांसद, पूर्व विधायक, पूर्व जिलाध्यक्ष, जिला पंचायतअध्यक्ष एवं सदस्य (अनु.जनजाति वर्ग), जनपद अध्यक्ष सदस्य, नगरपालिका अध्यक्ष, पार्षद, सरपंच, सहकारी समिति, वन समिति एवं अन्य समितियां. पूर्व जिला पंचायत सदस्य, पूर्व जनपद सदस्य, पूर्व सरपंच, सहकारी समिति, वन समिति सभी पार्षद (भाजपा समर्थित) सभी स्तर के जनजाति मोर्चे के जिला पदाधिकारी ,मंडल पदाधिकारी, अनु.जनजाति मोर्चा पूर्व जिलाध्यक्ष एवं जनजाति वर्ग के समस्त कार्यकर्ता भाजपा के पदाधिकारी इस बैठक में आपेक्षित है । सिवनी जिला भाजपा एवं अनुसूचित जनजाति मोर्चा ने समस्त आपेक्षित श्रेणी के पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों एवं कार्यकत्राओं से उपस्थिती सुनिश्चित कर क्षेत्रीय

## जल गंगा संवर्धन अभियान की मुख्यमंत्री डॉ यादव ने वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से की समीक्षा

# जिलें में लाड़ली बहनों के लिए क्रियान्वित किये जा रहे मिशन जीवन पर्यंत की सराहना कर किसानों के लिए भी ऐसे प्रयास करने के दिये सभी को निर्देश

**मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने 19 अप्रैल को मुख्यमंत्री निवास स्थित समत्व भवन से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सभी कमिश्नर-कलेक्टर की बैठक लेकर जल गंगा संवर्धन अभियान की समीक्षा बैठक की।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।



एनआईसी कक्ष सिवनी से कलेक्टर सुश्री संस्कृति जैन, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सिवनी श्री नवजीवन विजय उक्त वीसी से जुड़े। इस अवसर पर अपर कलेक्टर श्री सी एल चनाप, अपर कलेक्टर सुश्री सुनिता खंडायत सहित अन्य विभागीय अधिकारियों की उपस्थिति रही। उन्होंने प्रदेशव्यापी जल गंगा संवर्धन अभियान को जनभागीदारी के रूप में क्रियान्वयन कर सार्वजनिक, ऐतिहासिक पुराने जल स्त्रोतों का जीर्णोद्धार कर पुनर्स्थापित कराने के निर्देश दिए।

समीक्षा के दौरान अभियान अंतर्गत जिले में लक्ष्य से अधिक सरोवर निर्माण करने पर मुख्यमंत्री डॉ यादव ने कलेक्टर सुश्री संस्कृति जैन से चर्चा कर सरोवर निर्माण के लिए सराहना की।

मुख्यमंत्री डॉ यादव ने कलेक्टर सुश्री जैन के मार्गदर्शन में जिले में मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना की हितग्राही महिलाओं के लिए चलाई जा रही मिशन जीवंत पर्यंत योजना और जिलें में प्रगति के बारे में भी जाना। कलेक्टर सुश्री जैन ने अवगत कराया कि जिलें की लाड़ली बहना योजना की लाभांवित हितग्राहियों को केंद्र शासन की अटल पेंशन योजना से जोड़ने का अभियान चलाया जा रहा हैं। जिससे लाड़ली बहना योजना से लाभान्वित हितग्राही योजना अंतर्गत प्रतिमाह मिलने वाली आर्थिक सहायता से कुछ अंश अटल पेंशन योजना में जमा कर सकते हैं। इसका लाभ यह होगा कि जब लाभान्वित महिला हितग्राही 60 वर्ष की होगी तब उन्हें प्रतिमाह 1000-5000 रुपये तक की निश्चित पेंशन जीवन पर्यंत प्राप्त होगी।

मुख्यमंत्री डॉ यादव ने महिलाओं सशक्तिकरण की दिशा में जिलें में मिशन जीवन पर्यंत नवाचार के लिए कलेक्टर सुश्री जैन एवं जिला प्रशासन की सराहना की।

मुख्यमंत्री डॉ यादव ने किसान सम्मान निधि योजना के लाभार्थी

# जिले के प्रधानपाठकों का डाइट केवलारी में चल रहा 5 दिवसीय प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

म.प्र. राज्य शैक्षिक प्रबंधन एवं प्रशिक्षण संस्थान भोपाल (सीमेट) के तत्वावधान में जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान केवलारी में सिवनी जिले की प्राथमिक एवं माध्यमिक शालाओं के कुल 1988 प्रधानपाठकों को स्टार्स योजना के अंतर्गत लीडरशिप आधारित प्रशिक्षण का आयोजन 07 अप्रैल से प्रारंभ कर दिया गया है।




उक्त प्रशिक्षण के कुल लक्षित 1988 शाला प्रमुखों को 8 चरणों में (प्रत्येक चरण में 250 प्रधानपाठक) नेतृत्व विकास एवं प्रधानपाठकों की आदर्श कार्यप्रणाली हेतु सुझावात्मक निर्देश देने हेतु जिले के चयनित 10 प्रशिक्षकों का दल राज्य स्तर से प्रशिक्षित होकर आया है। जिनमें एपीसी अकादमिक श्री चुनेंद्र बिसेन, डाइट प्रशिक्षण प्रभारी श्री जे.पी. शुक्ल, श्री नंदकिशोर कटरे, श्री संदीप राय चौधरी, श्री अनिल राजपूत, श्री संजय लखेरा, श्री गणेश पटेल, श्री दिनेश गौतम, सुश्री श्रद्धा ठाकुर और श्रीमती श्रद्धा मिश्रा के द्वारा प्रत्येक चरण के 5 दिवसों में कुल 14 मॉड्यूल्स के द्वारा शाला प्रमुख के रूप में बेहतर कार्य करने के लिए अपनाए जाने वाले सरलतम तरीके बताए जा रहें हैं।

ज्ञातव्य हो कि यह प्रशिक्षण डाइट केवलारी में प्राचार्य श्री के के पटेल के मार्गदर्शन में समुचित आवासीय सुविधा एवं अनुकूलित बैठक व्यवस्था के साथ आयोजित हो रहा है जिसमें जिला शिक्षा केंद्र से जिला परियोजना समन्वयक श्री एम के बघेल के द्वारा भी समय-समय पर प्रशिक्षणार्थियों को उचित दिशा निर्देश प्रदान किए जा रहे हैं।

# उगली में डॉ अंबेडकर जयंती संपन्न

संविधान के शिल्पकार डॉक्टर बीआर अंबेडकर का 134 वी वर्षगांठ समता सैनिक दल शाखा ऊगली के तत्वाधान में शासकीय माध्यमिक साला परिसर वीजा टोला उंगली में बहुत धूमधाम से मनाया गया जिसके अंतर्गत 2:00 बजे अपरान्ह मैं सद्भावना रैली का आयोजन कर नगर भ्रमण किया गया जो शाम को माध्यमिक शाला भवन के प्रांगण में एक जयंती कार्यक्रम में परिवर्तित हो गया।



जयंती कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मार्शल डीडी वासनिक समता सैनिक दल के प्रांतीय बौद्धिक प्रमुख थे तथा अध्यक्षता आयुष्मान ऐ आर सेंड ने किया तथा जयंती कार्यक्रम को मनोहर ऋषि आरसी डोंगरे रिटायर्ड प्राचार्य सब लाल बोमचेर एडवोकेट भीमा शिंदे शिवनी आयुष्मान एन आर डोंगरे प्रांतीय उपाध्यक्ष प्रोफेसर डॉक्टर बीसी यूके शिवनी तथा एडवोकेट सुरेंद्र बारमाटे प्रांतीय सचिव एस एसडी अभी प्रभा ताई बोधि आदि ने संबोधित किया और सभी अतिथियों ने बताया कि डॉक्टर अंबेडकर ने सभी किस्म की असमानता के खिलाफ संघर्ष किया है हमें भी हर विषमता तथा अन्याय के खिलाफ एक साथ मिलकर संघर्ष करना चाहिए और ज्ञान अर्जन के लिए खूब पढ़ना चाहिए इसी के साथ कुमारी शालिनी ऋषि सीमा रुचि का डोंगरे एवं आस्था संडे ने भीम गीतों पर डांस प्रस्तुत किया इसी तारीख में आयुष्मान उइके मासाब ने शिक्षा पर आधारित शानदार गोंडी गीत प्रस्तुत किया।

इस अवसर पर आयुष्मान बिसेन साहब मोहबर्रा ने डॉ अंबेडकर की प्रतिमा भेट किया। कार्यक्रम के अंत में सभी में एक साथ सामूहिक रूप से भोजन करने के पश्चात आर्केस्ट्रा भीम राजा द्वारा भीम बुद्ध महात्मा फुले सम्राट अशोक आदि की शिक्षाओं पर आधारित गीतों को प्रस्तुत किया गया।

कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए बौद्ध सर्कल कमेटी उगली के पदाधिकारी और कार्यकर्ता आयुष्मान नरेंद्र डोंगरे श्यामलाल पोचाटे राजकुमार मंडले स्वाति मेश्राम संदीप चौहान किरण मेश्राम जितेंद्र बोरकर रजनी मंडाले आलोक हुमने कर आसाराम मेश्राम राधेश्याम यूके तीरथ डोंगरे बद्री नारायण डोंगरे सुरेश भीमते मंगल भालेकर कमलेश चौहान संकेत ऋषि नरेंद्र शिंदे अंकुश ऋषि जगत राम खोबरागड़े सत्याशील डोंगरे किशन लाल ऋषि हेमंत चौरे होरीलाल राकेश वासनिक कैलाश वेद भीमराव चौरे संजय वासनिक ज्ञानेश्वर देवेंद्र चौहान सुरेश बागडे मानक राम मेश्राम तुलसीराम डोंगरे मायाराम भालेकर सुनीता बोरकर अनूपपुर यूके कोमल बेलेकर निर्मला सीताराम सोनकर विजय गजभिए दीपक चौरे मुकेश ओके प्रेमलाल देहा शारदा बोरकर ईश्वर दास वासनिक सेवक राम खोबरागड़े काशीराम मिश्रा देवेंद्र रावत सुखलाल गणवीर जितेंद्र डोंगरे अमृत डोंगरे जयपाल वासनिक उर्मिला वेद देवेंद्र मेश्राम अंसारी जी उप सरपंच ग्राम हुगली आदि का विशेष सहयोग सराहनीय रहा अंत में जयंती समारोह समिति ने सभी का आभार प्रकट करते हुए और धन्यवाद देते हुए कार्यक्रम की समाप्ति की गई।

# जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत चलाया गया जागरुकता अभियान एवं रोका गया बैन गंगा नदी का पानी



केवलारी। मुख्यमंत्री मध्य प्रदेश शासन के मनसा अनुरूप एवं कलेक्टर सुसंस्कृति जैन एवं जिला पंचायत सीईओ पवार नवजीवन विजय के मार्गदर्शन में जिला-समन्वयक सौरभ शुक्ला विकासखंड समन्वयक अशोक बेंद्रे के नेतृत्व में मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद केवलारी जिला-सिवनी सेक्टर क्रमांक -1 में आज दिनांक -19 अप्रैल 2025 दिन-शनिवार को जल गंगा संवर्धन कार्यक्रम के अंतर्गत नवांकुर संस्था- एकलव्य फाउंडेशन केवलारी के कार्यकर्ता सीएमसीएलडीपी परामर्शदाता राधेश्याम बन्देवार छात्र-छात्रा एवं ग्रामीण जनों के सहयोग से प्रातः बड़े ग्राउंड केवलारी में जन समुदाय को वर्तमान समय में चल रहे जल संकट एवं भविष्य में होने वाली जल के बिना कल की कल्पना को बताते हुए जन जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया एवं अब अब हर घर सूखता गद्दा का निर्माण करने एवं सभी को सूखता गड्ढे का उपयोग बताते हुए जागरूक कर जल संरक्षण की शपथ दिलाई गई साथ ही साथ नगर के मुख्य मार्गो में आने वाली खाली दीवारों पर जल संरक्षण के नारों का लेखन किया गया तत्पश्चात वैनगंगा नदी छोटा रप्टा में बड़े पत्थर बोल्डर एवं बोरियों में रेत भरकर पानी को रोका गया। आज के संपूर्ण कार्यक्रम में मुख्य रूप से विकासखंड समन्वयक -अशोक बेंद्रे ,परामर्शदाता- राधेश्याम बन्देवार समाजसेवी एवं सी.एम.सी.एल.डी.पी. छात्र-छात्रा - प्रवीण दुबे, दीपेश पांडे ,प्रमोद राय, सौरभ राय, सोनाली शरणागत, सावित्री चौधरी ,दीक्षा नामदेव, आरती सनोडिया, उर्मिला कुर्वेति, प्रिंस वास ,अभिषेक यादव, करण चौधरी, सुरभि रजक, पूर्वी बन्देवार, सभी की उपस्थिति एवं कार्य सराहनी रही।

## राष्ट्रीय बॉक्सिंग स्पर्धा उत्तरप्रदेश में मध्यप्रदेश का नेतृत्व करेंगे दक्ष चंद्रवंशी

# राष्ट्रीय खिलाड़ी दक्ष चंद्रवंशी के साथ प्रदेश खिलाड़ी स्पर्धा हेतु हुए रवाना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

महावीर व्यायामशाला सुभाष वार्ड सिवनी के खिलाड़ीयो ने खेल एवं युवा कल्याण विभाग भोपाल के तात्याटोपे स्टेडियम के बॉक्सिंग हाल में आयोजित बॉक्सिंग चयन स्पर्धा में भाग लेकर सिवनी जिले का नेतृत्व करते हुए खिलाड़ियो ने स्वर्ण पदक जीता जिसमे खिलाड़ी दक्ष चंद्रवंशी ने पदक पर कवजा करके राष्ट्रीय स्पर्धा में अपना स्थान बनाया । जिला बॉक्सिंग संघ के सचिव सोहन लाल सेन के द्वारा तैयार खिलाडी दक्ष चंद्रवंशी का चयन मध्यप्रदेश एमेच्योर बॉक्सिंग संघ के द्वारा किया गया अपने प्रतिद्वंद्वी खिलाड़ियो को हराकर रास्ट्रीय स्पर्धा में अपना स्थान बनाया। यह खिलाडी राष्ट्रीय स्पर्धा ( 7वी युथ बॉक्सिंग चेम्पियनशिप 2025) उत्तरप्रदेश के नोयडा में आयोजित रास्ट्रीय स्पर्धा लिए चयनित हुए यह ख़लिाडी 21 अप्रेल से 24 अप्रेल तक उत्तरप्रदेश के नोयडा ने आयोजित रास्ट्रीय बॉक्सिंग स्पर्धा में



मध्यप्रदेश का नेतृत्व करेंगे । यह स्पर्धा बॉक्सिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया, भारतीय ओलयम्पिक संघ, खेल मंत्रालय भारत सरकार द्वारा आयोजित है। ज्ञातव्य है कि दक्ष चंद्रवंशी ने शालेय बॉक्सिंग स्पर्धाओं ,खेलो इंडिया , खेलो एमपी एव अन्य स्पर्धाओं में अनेको पदक प्राप्त किये है एवं सिवनी जिले का गौरव बढ़ाया है । ज्ञातव्य है कि महावीर व्यायमशाला के खिलाड़ी बॉक्सिंग, वुशु, एवं अन्य मार्शल आर्ट में प्रति वर्ष राज्य एवं रास्ट्रीय प्रतियोगिताओं में प्रशिक्षक सोहन लाल सेन सचिव जिला बॉक्सिंग संघ सिवनी के प्रशिक्षण से सेकड़ो पदक जीत रहे है एवम शासकीय खेल छात्रवर्ति प्राप्त कर रहा है । सिवनी जिले का नाम राज्य ही नही पूरे देश मे रोशन कर रहे है । 7वी राष्ट्रीय युथ बॉक्सिंग स्पर्धा उत्तरप्रदेश 2025 में पदक प्राप्त करने की कामना सिवनी विधयाक मुनमुन राय, सिवनी कलेक्टर मती संस्कृति जैन, पुलिस अधीक्षक सुनील कुमार मेहता जिला खेल एवं युवा कल्याण अधिकारी मती मनु धुर्वे महावीर व्यायामशाला के अध्यक्ष प्रसन्न मालू , शंकर लाल सोनी ,छिद्दी लाल वास ,हीरा लाल सोनी , चंचल दास आहूजा , गुलाव पवार , रमायण सनोडिया ,प्रदीप वर्मा, भावना गायकवाड़, देवेंद्र ठाकुर , के. सी.बापू राउर, विधायक प्रतिनिधि मनीष मोनू मिश्रा, आशीष दीक्षित,संचालक धीरज पाल , अंकित मिश्रा, सौरभ सोनी, अभिषेक सोनी,संदीप नेमा, शीतल नामदेव , आकाश सोनी,राकेश मालवीय, मनीष तुमन्त्रे ,आशीष यादव एवं समस्त जिला बॉक्सिंग संघ के सदस्यों ने कामना की है।

# जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत ग्राम देवरीटीका में लगाया गया डगबेल रिचार्ज यूनिट

## वर्षा जल संचय में मिलेगी मदद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत कलेक्टर सुश्री संस्कृति जैन के निर्देशानुसार जिले में जल सरंक्षण की दिशा में लगातार विभिन्न गतिविधि आयोजित की जा रही हैं। जिसमें आम नागरिक गण बढ़-चढ़ कर हिस्सा ले रहे हैं।इसी क्रम में जल संरक्षण करने की दिशा में जिले की जनपद पंचायत धनौरा की ग्राम पंचायत देवरीटीका में सीईओ ओमकार ठाकुर के मार्गर्शन में डगबेल रिचार्ज यूनिट (कुआं पुनः भरण इकाई) का निर्माण मनरेगा योजना अंतर्गत किया गया है। जिससे वर्षा के जल से भूजल स्तर को बढ़ाने के लिए मदद मिलेगी।

## चिलचिलाती धूप से दोपहर में सड़के हो रही सुनसान

# तमतमाया सूरज, भीषण गर्मी करेगी बेहाल





हरिभूमि न्यूज बालाघाट। प्राकृतिक संसाधनों से लैस कहे जाने वाले बालाघाट जिले में इस बार भीषण गर्मी सितम ढाने जा रही है, एक ओर जलसंकट की वजह से जिला जल अभावग्रस्त घोषित किया गया है दूसरी ओर चिलचिलाती धूप और गर्मी लोगों को बेहाल करेगी। तापमान का पारा चढ़ता जा रहा है और सूरज तमतमाने लगा है जिस वजह से दोपहर बाद भीषण गर्मी की वजह से लोग कम ही धूप में बाहर निकल रहे है। शनिवार को पारा 41 डिग्री सेल्सीयस से अधिक रहा जबकि रात के तापमान में भी उछाल आया है।

### चढ़ रहा है तापमान का पारा

अप्रैल महीना चल रहा है और गर्मी ने अपना रूप दिखाना शुरू कर दिया है शनिवार को चिलचिलाती धूप तपती हवाओं से शहरवासी बेहाल नजर आये। अधिकतम तापमान 41 डिग्री सेल्सीयस पर पहुंच गया है। वहीं न्यूनतम तापमान में भी बढ़ोत्तरी हो रही है। अभी से सूरज की किरणों ने लोगों को आने वाले मई माह की गर्मी का संकेत दे दिया है। जैसे-जैसे दिन बढ़ते जाएंगे तो तापमान में भी उछाल दर्ज होता रहेगा। मौसम विभाग ने भी इस वर्ष भीषण गर्मी के आसार जताये है जिससे कि लोगों का इस ग्रीष्मकाल में बेहाल होना तय है। तापमान में वृद्धि की वजह से दोपहर में सड़कों पर लोग कम ही निकल रहे है और एहतिहात भी कर रहे है शीतपेय का सेवन किया जा रहा है ताकि धूप और लू से बचाव हो सके। स्वास्थ्य विभाग ने भी सलाह दी है कि जब धूप तेज हो तो घर से बाहर कम ही निकले जरूरी है कि छाता या कपड़े से सिर को ढ़ककर रखा जाये। गर्मी से बच्चों और बुजुर्गो को ज्यादा प्रभावित होने की आशंका रहती है वहीं मजदूर वर्ग भी खुले आसमान के नीचे दिनभर कार्य करते है तो उनके भी भीषण गर्मी में बीमार पडऩे का खतरा बना हुआ रहता है। ऐसी गर्मी में अगर तापमान में गिरावट हो तो ही लोगों को राहत महसूस होती है। बीते कुछ दिनों में आंधी-तूफान के बाद बूंदाबांदी दर्ज की गई थी जिससे कि लोगों को गर्मी का अहसास कम ही हुआ था लेकिन जैसे ही बादल छटे तो फिर भीषण गर्मी ने रौद्र रूप दिखाना प्रारंभ कर दिया है।

### भीषण गर्मी से बचने स्वास्थ्य विभाग की सलाह

अक्सर भीषण गर्मी की वजह से हलाकान होने से बचने के लिये लोगों को स्वास्थ्य विभाग द्वारा जरूरी सलाह दी जाती है, इसका जितना पालन किया जाये उतना बेहतर है। जैसे धूप से बचा जाये, धूप में निकलते समय सिर को अच्छी तरह ढंका जाये, पर्याप्त पानी की मात्रा लेते रहे, यह जतन इसलिए भी जरूरी है क्योंकि मौसम में तपिश अभी बनी रहेगी जिससे आनेवाले दिनों में गर्मी, उमस की स्थिति और अधिक बढऩे के आसार नजर आ रहे है।

### जलसंकट के हालात भी ले रहे है परीक्षा

इस ग्रीष्मकाल में एक ओर भीषण गर्मी और दूसरी ओर जलसंकट भी जिलेवासियों की परीक्षा लेने जा रहा है क्योंकि बालाघाट जिले में किसानों को फसलों के लिये पानी नहीं मिल पा रहा है और समय-समय पर उनके उग्र आंदोलन भी देखने को मिल रहे है, जलाशयों में पानी का जलस्तर गिरा है और वैनगंगा नदी में स्टापडेम पर जल निगम, बालाघाट और वारासिवनी नगर पालिका की निर्भरता है ऐसे में भीषण जलसंकट की स्थिति भी उत्पन्न हो सकती है जिसके लिये सरकारी तंत्र नियंत्रण के प्रयास कर रहा है और जितना हो सके गैरजरूरी पानी खर्च करने से लोगों को बचने की सलाह दी जा रही है। इन परिस्थितियों में आवश्यक हो जाता है कि प्राकृतिक संपदाओं का हमें कितना वरदान है अगर इसका दोहन किया जायेगा तो जलवायु परिवर्तन के रूप में परिणाम इसी तरह सामने होंगे।



# चौपाटी की दुकानों से नमूने लेकर भेजे जाँच के लिए, दो विक्रेताओं को नोटिस जारी

## खाद्य विभाग की वारासिवनी में कार्यवाही

हरिभूमि न्यूज बालाघाट। कलेक्टर मृणाल मीना के निर्देशन एवं सीएमएचओ डॉ परेश उपलप के मार्गदर्शन में खाद्य सुरक्षा प्रशासन विभाग द्वारा खाद्य प्रतिष्ठानों की सघनता से जाँच कर कार्यवाही की जा रही है। शनिवार को खाद्य अमला वारासिवनी एसडीएम कार्यालय के बगल स्थित चौपाटी का निरीक्षण करने पहुंचा। यहाँ पर चाट एवं चाइनीस फास्ट फूड एवं जूस सेंटरो का निरीक्षण किया गया तथा साफ सफाई व स्वच्छता के लिए जागरूकता अभियान के अंतर्गत मार्गदर्शन दिया गया। निरीक्षण के दौरान अमले द्वारा दीपक चाट से पानी पुरी के पानी का नमूनाए यम्मी चाइनीस सेंटर से मंचूरियन राइस का नमूनाए बॉम्बे जूस सेंटर से मोसंबी का जूस एवं माय चॉइस फास्ट फूड से साउथ इंडियन सांभर का नमूना लेकर राज्य खाद्य प्रयोगशाला जाँच के लिए भेजा गया। इसके साथ ही अमले द्वारा साफ स्वच्छता में कमी पाए जाने पर दो विक्रेताओं को नोटिस भी जारी किया गया। सम्पूर्ण कार्यवाही के दौरान खाद्य सुरक्षा अधिकारी वाजिद मोहिब एवं योगेश कुमार डोंगरे उपस्थित रहे।



## पेड़ के नीचे दबने से महिला की मौत

कटंगी हरिभूमि । शुक्रवार की शाम 06 बजे के आस.पास आए तेज आंधीं तूफान और बारिश के बीच महुआ के पेड़ के गिरने से इसके नीचे दबकर एक प्रौढ़ महिला की दर्दनाक मौत हो गई. यह हादसा तिरोड़ी थाना क्षेत्र के ग्राम कपूरबिहरी में शंकर जलाशय के नीचे एक खेत में हुआ है. जिसमें हरदोली निवासी प्रौढ़ महिला पुस्तकला देवेश्वर की दर्दनाक मौत हो गई. शनिवार की सुबह 11 बजे पुलिस ने सरकारी अस्पताल कटंगी के शव विच्छेदन गृह में शव का पीएम करवाकर शव परिजनों के सौंप दिया है. मिली जानकारी अनुसार पुस्तकला बाई शनिवार को अपने खेत की तरफ गई हुई थी. शाम को अचानक से मौसम से करवट बदली और तेज आंधी के साथ बारिश हुई. इस दौरान खेत में कृषि कार्य कर रही महिला पर विशाल पेड़ गिर गया. जिसके नीचे दबने से महिला की मौत हो गई. हादसे की सूचना मिलते ही तिरोड़ी पुलिस मौके पर पहुंची. पुलिस ने देर शाम घटनास्थल पर पहुंचकर शव को अपने कब्जे में लिया और पंचनामा कार्रवाई करने के बाद शनिवार को शव का पीएम करवाकर शव परिजनों को सौंपा दिया है.



## ऑटो चालक के बेटे का सुयश

कटंगी हरिभूमि । नगर के मुंदीवाड़ा निवासी ऑटो चालक देवेन्द्र सिंह के बेटे ने कक्षा 08 वीं में शानदार सफलता अर्जित की है. माता.पिता और शिक्षक.शिक्षिकाओं से मिले मार्गदर्शन पर सत्येन्द्र सिंह वरकड़े ने कक्षा 08 वीं में 86 प्रतिशत अंक अर्जित किए है. विवेकानंद इंग्लिश स्कूल कटंगी के छात्र सत्येन्द्र ने बताया कि स्कूल में शिक्षकों को बेहतर मार्गदर्शन मिला और घर में माता.पिता से पढ़ाई के लिए लगातार प्रोत्साहित किया. पिता ऑटो चालक है लेकिन जब भी उन्हें वक्त मिलता तो वह मेरी पढ़ाई कैसे चल रही है इस बारे में जरूर पूछताछ करते. मेरे पिता का सपना है कि मैं पढ़ लिखकर एक बेहतर नागरिक के रुप में तैयार होकर देश और समाज का कल्याण करूं.



# बाघ नदी, सावरी कला में 380 बोरियों का किया बोरी बंधान कार्य

### जन जन का अभियान जल गंगा संवर्धन अभियान

हरिभूमि न्यूज लांजी। कलेक्टर श्री मृणाल मीना के निर्देशन एवं जिपं सीईओ श्री अभिषेक सराफ के मार्गदर्शन में जल गंगा संवर्धन की क्रियात्मकता निरंतर जारी है। इसी के अंतर्गत जिला समन्वयक सुशील बर्मन एवं विकासखंड समन्वयक रुचिका बैस के नेतृत्व में ग्राम-सावरी कला में बाघ नदी पर मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद की नवांकुर संस्था सावरी कला, ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति सावरीकला एवं ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति सावरी कला के संयुक्त तत्वधान में मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास कार्यकम के सामाजिक कार्यकर्ता छात्र छात्राओं के सहयोग से 380 बोरियों का बोरी बंधान किया गया। जिसमें ग्राम पंचायत सावरी कला के सरपंच ओमकार बाबा रहाडाले, सवारी कला पंचायत के सचिव महोदय जी भोजू जी देशमुख अशोक सोनवाने खुशराज रहाडाले, ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति सावरी कला के मुनेश पटले , रविप्रकाश गौतम और अन्य सदस्य मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास कार्यक्रम के छात्र सामाजिक कार्यकर्ता परामर्शदाता अशोक घरते, ज्योति सकरपुड़े,विजय हटीले,संदीप रामटेककर,नीलेश्वर ठाकरे ,एम एस डब्ल्यू के छात्र-छात्राएं की भूमिका जल गंगा संवर्धन अभियान में महत्पूर्ण है।





## प्रवस बसेने का सुयश

वारासिवनी हरिभूमि । अधीनस्त न्यू किड्स क्लाउड लालबर्रा की कक्षा एलकेजी के छात्र प्रवस बसेने ने 95 प्रतिशत अंक के साथ परीक्षा उत्तीर्ण कर सभी का गौरव बढ़ाया।ज्ञात हो कि प्रवस बसेने पूर्व जिला प्रचारक डिंडोरी, अनूपपुर के ज्येष्ट सुपुत्र व लालबर्रा निवासी रामेश्वर बसेने आतिश सम्पादक/साहित्य प्रतिबिम्ब के छोटे भाई के सुपुत्र हैं। इस सफलता पर संस्था संचालक गगन तुरकर, प्राचार्य रमेश टेम्भरे, पारासर मेम, नूर मेम के मार्गदर्शन में सफलता अर्जित की हैं। उनकी इस सफलता पर परिवार की बड़ी मम्मी श्रीमती कुसुम बसेने आशा कार्यकर्ता, दुर्गा बसेने, अमन बसेने, मोनिका बसेने आदि ने हर्ष व्यक्त कर बधाई प्रेषित की एवं संस्था के स्टाप का धन्यवाद किया।



# जाम-लालबर्रा में धूमधाम से मनाई बाबासाहब की जयंती

### बाबा साहब व्यक्ति नहीं एक विचारधारा है-प्रो. गजभिये

हरिभूमि न्यूज लालबर्रा। भारतीय संविधान के शिल्पकार, आधुनिक भारत के निर्माता बोधिसत्व डॉ. बाबा साहब आंबेडकर जी की 134 वां जयंती समारोह 16 अप्रैल 2025 को जाम में मुख्य अतिथि सुरेश सिंह करें (मंजू भैया) विशेष आतिथ्य में,योगेश लिल्हारे राजेश नागपुर इंद्र प्रसाद चौहान गणपत तरवारे राजू लिल्लारे कुंवर शांडिल्य कोलू राम लिल्हारे कार्यक्रम के अध्यक्षता कर रहे सुरेंद्र बालोंने सरपंच ग्राम पंचायत जाम प्रमुख। वक्ता श्री इजी के एल डोंगरे (अध्यक्ष बहुजन वेलफेयर सोसाइटी बालाघाट) इंजीनियर मनोज मेश्राम बालाघाट डां मनोज गजभिए प्रोफेसर SSP college वारासिवनी की उपस्थिति में आदि के विशेष आतिथ्य में जयंती समारोह सम्पन्न हुआ।ग्रामीण आयोजक शाखा द्वारा रैली का आयोजन किया गया। जिसमें सभी वर्ग के लोगो द्वारा नाचते गाते डा. बाबा साहब की जयकारो के साथ ग्राम का भ्रमण रैली कार्यक्रम स्थल पर रैली पहुंची। कार्यक्रम में सामूहिक पूजा वंदना के पश्चात अतिथि के स्वागत के बाद बाबा साहब के जन्मदिवस पर केक काटा गया। तदुपरांत मंचीय कार्यक्रम प्रारंभ हुआ। मंचासीन सभी अतिथियों ने बोधिसत्व बाबा साहब एवं राष्ट्रपिता महात्मा ज्योतिबा फुले जी के जीवन संघर्ष पर अपने विचार रखे। समारोह के मुख्य अतिथि सुरेश सिंह कारें (मंजू भैया) ने अपने उदबोधन में कहा कि बाबा साहब ने संविधान के माध्यम से भारत के सभी वर्ग के लोगो के जीवन की प्रगति के लिये कार्य किये है। इसलिये उन्हें आधुनिक भारत का निर्माता कहते है।



### इनका रहा विशेष सहयोग

अशोक भीमटे गजानंद भीमटे मनोज मेश्राम दिलीप मेश्राम विवेक भीमटे प्रमोद भीमटे राजेंद्र मेश्राम अजय मेश्राम संजय भीमटे अभिलाष भीमटे परमेश्वर गजभिये सुरेश डोंगरे कुलपत मेश्राम सुकदास उके अभिषेक घोड़ेश्वर अनसुल्य डोंगरे प्रफुल्ल गणवीर विकास मेश्राम राजा मेश्राम कृत मेश्राम आर्यन मेश्राम अमन मेश्राम अनिता भीमटे सुजाता मेश्राम पुरञ गनवीर अंबिका गनवीर रानू मेश्राम अनीता भीमटे वंदना भीमटे अलका गजभिये रितु भीमटे सुनिता मेश्राम श्याम बारमाटे सुनीता डोंगरे शीला गजभिये पार्वती उके शालू भीमटे कमला डोंगरे अनुसूईया मेश्राम इसी क्रम में मंच संचालन विनोद भीमटे आदि का सहयोग सराहनीय रहा।

## नहरों की सफाई में जुटा जल संसाधन विभाग

हरिभूमि न्यूज लांजी। 19 अप्रैल को जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत शासन के विभिन्न विभागों द्वारा कार्य किये जा रहें है। रविवार को लांजी नगर परिषद द्वारा स्थानीय गणेशी तालाब से अतिक्रमण हटाया गया। नगर परिषद सीएमओ श्री लिल्हारे ने बताया कि जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत नगरीय प्रशासन व शासन के निर्देशों पर नगरीय क्षेत्रों में स्थित तालाबों को अतिक्रमण मुक्त कराने की दिशा में लांजी में कार्य किया गया। नगर के गणेशी तालाब से नगरीय निकाय और राजस्व विभाग के अमले द्वारा संयुक्त कार्यवाही करते हुए अतिक्रमण हटाया गया। जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जल संसाधन विभाग द्वारा नहरों की सफाई का कार्य प्रारम्भ किया गया है। तिरोड़ी क्षेत्र में जमुनिया जलाशय की आरबीसी नहर का साफ सफाई का कार्य प्रारम्भ किया गया है।



# पक्षियों, पशुओं के लिए पानी की व्यवस्था करे- खोंगल

हरिभूमि न्यूज लांजी। महावीर इंटरनेशनल अपेक्स लांजी जिला बालाघाट (म प्र) द्वारा पर्यावरण संरक्षण सन्देश पक्षियों को प्यास बुझाने के लिए शहर में मिट्टी के सकोरे लगाएं गए और स्थानीय नागरिकों को ऐसा कार्य करने के लिए प्रोत्साहित कर परिवारों, युवा मित्र,व्यापारियों से मिलकर अपने-अपने प्रतिष्ठान और मकान के ऊपर मूक पक्षियों के लिए पानी और भोजन की व्यवस्था प्रदान करने के लिए प्रोत्साहित करने का कार्य किया गया। महावीर इंटरनेशनल के अभियान के तहत पक्षियों को पीने के पानी लिए मिट्टी के स्कोर लगाकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश प्रसारित किया गया साथ यह बताया गया कि पक्षियों के लिए पानी के सकोरे लगाना एक सरल लेकिन प्रभावी तरीका है जिससे पर्यावरण को संरक्षित किया जा सकता है यह न केवल पक्षियों को प्यास बुझाने में मदद करता है बल्कि जैव विविधता को बढ़ावा देता है और पक्षियों के संरक्षण में मदद करता है ,गर्मी के मौसम में पक्षियों को पानी के लिए संघर्ष करना पड़ सकता है खास करके जब प्रकृति जल स्रोत सूख जाते हैं पानी के सकोरों को प्याज बुझाने में मदद करता है जिससे उनकी मृत्यु दर कम होती है एवं पर्यावरण संरक्षण में सभी नागरिकों की अपनी अहम भूमिका होती है और यह संदेश स्थानीय सभी नागरिकों से की पक्षियों की प्यास बुझाने के लिए अपनी अहम भूमिका निभाते हुए पशु, पक्षियों के लिए ग्रीष्म ऋतु में पीने के पानी की व्यवस्था अवश्य करें। आप सभी से निवेदन है की पशु पक्षियों के लिए आपसे जो यथासंभव हो सके उनके लिए पानी की व्यवस्था अवश्य करें जिससे कि हम उनकी मदद कर पाए। गर्मियों में पशु-पक्षियों के लिए पानी की व्यवस्था करना बेहद ज़रूरी है। इसके लिए आप अपने घर या छत पर छोटे बर्तन में पानी भरकर रखें, ताकि पक्षी आसानी से पी सकें। इसके अलावा, आप पक्षियों के लिए छायादार जगह भी बना सकते हैं, जहाँ वे गर्मी से बच सकें. ।



# संरक्षण के अभाव में दम जल विहिन हो रहे है तालाब

## कटंगी का बड़ा तालाब कब होगा आबाद, जनप्रतिनिधियों के वादे खोखले

हरिभूमि न्यूज कटंगी। जल ही जीवन, जल है तो कल है यह बातें हम बीते कई दशकों से सुनते आ रहे है. बालाघाट जिले को कलेक्टर मृणाल मीणा ने जल अभावग्रस्त जिला घोषित कर दिया है है. ऐसा करने से नए नलकूप खनन पर पूरी तरह प्रतिबंध लगा दिया गया है. पेयजल आपूर्ति के दौरान मोटर पंप से पानी खींचने पर रोक लगाई गई है. ग्राम पंचायतों और नगर परिषदों को पानी की चोरी करने वालों की मोटर पंप जब्त करने के आदेश दिए गए हैं और नियमों का उल्लंघन करने वालों को 2 साल की सजा और 2 हजार रुपये के जुर्माने के साथ दंडित करने के आदेश है. कलेक्टर के इस आदेश के बाद कितनी कार्रवाई हुई है इसका कोई ठोस आकंड़ा तो मौजूद नहीं है. मगर, नगर परिषदों में कुछ कार्रवाई जरूर हुई है. इन कार्रवाईयों के बाद पानी की चोरी रुकी या नहीं यह साफ नहीं कहा जा सकता. खैर, जल संरक्षण की दिशा में इन दिनों जल गंगा संवर्धन अभियान चलाया जा रहा है. इस अभियान में जनसहभागिता से नदी-नालों में बोरी बंधान किया जा रहा है. बोरी.बंधान जल संरक्षण की दिशा में एक विकल्प हो सकता है लेकिन सही जल संरक्षण प्राकृतिक जल स्त्रोतों जैसे नदी.तालाबों के संरक्षण से ही संभव है. इस दिशा में ऊंट के मुंह में जीरा स्तर पर प्रयास हो रही है.

### जीर्णोध्दार और संरक्षण के अभाव में अतिक्रमण से सिकुड़ा अस्तित्व

बालाघाट जिले की कटंगी शहर में तालाबों के हालात किसी से छिपे नही है. नगर का छोटा मुंदीवाड़ा तालाब, बड़ा तालाब संरक्षण के अभाव में दम तोड़ रहे है. बड़े तालाब के जीर्णोद्धार के लिए करीब 7 साल से सरकार ने राशि आंवटित कर रही है लेकिन नगर परिषद आज तक तालाब का जीर्णोद्धार नहीं कर पाई. यह तालाब समय.समय पर अखबारों की सुर्खियों में अपनी जगह बना लेता है लेकिन तालाब की सुरत नहीं बदल रही है. क्षेत्रीय विधायक गौरव सिंह पारधी चुनाव जीतने के बाद से लगातार कई बार बड़े तालाब के जीर्णोद्धार कराए जाने की दिशा में कार्य करने का दावा कर चुके है परंतु उनका दावा पूरी तरह से खोखला साबित हुआ है. बड़े तालाब का जीर्णोद्धार तालाब की भूमि पर अतिक्रमण की वजह से नहीं हो पा रहा है. ऐसी बीते कई सालों से अटकलें लगाई जा रही है. मगर, अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई कब होगी यह ना तो जिम्मेदार अधिकारी तय कर पा रहे है और ना ही जल संरक्षण का दावा करने वाले सत्ताधारी नेता. शहर के बड़ा तालाब की भूमि पर रसूखदारों से लेकर कई गरीबों के अतिक्रमण चिन्हित किए गए है. इस अतिक्रमण को हटाने की विधिवत कार्रवाई आज तक शुरू नहीं हो पाई है.



### दिखावा साबित हो रहे है प्रयास

कटंगी शहर के छोटा तालाब की हालात भी बहुत खराब है. इस तालाब का कुछ साल पहले जीर्णोद्धार किया गया था लेकिन तालाब की दुर्दशा बताती है कि तालाब का विकास कम बल्कि इसकी आड़ में तत्कालीन जनप्रतिनिधि, अधिकारी और कर्मचारियों ने अपना विकास कर लिया. बीते दिनों जब कुछ लोग स्वेच्छा से इस तालाब की मिट्टी खुदाई कर ले जा रहे थे तो राजनीतिक हस्तक्षेप के चलते मिट्टी खनन के कार्य को रुकवा दिया गया. जबकि दो वर्ष पहले ही शासन ने तालाबों की हालत को देखते हुए तालाबों की मिट्टी जिस किसी को उपयोग के लिए जरूरी हो वह ले जा सकता है ऐसे आदेश दिए थे. ताकि तालाबों को गहरीकरण हो सकें. खैर, कटंगी के इन दोनों ही तालाबों के अस्तित्व पर संकट के बादल मंडरा रहे है और इसके लिए सीधे तौर पर जनप्रतिनिधि, अधिकारी ही दोषी है।



## बोरियों में भरा हुआ 650 किलो लाहन जब्त

बालाघाट। आबकारी वृत बालाघाट के द्वारा ग्राम सुरवाही में नाला किनारे अलग अलग स्थानों बोरियों में भरा हुआ लगभग 650 किलो लाहन जप्त कर 2 प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिए गया ।

